an>

Title: Issue regarding reservation for Scheduled Castes, Scheduled Tribes and Other Backward Classes.

श्री जय प्रकाश नारायण यादव (बाँका) : महोदया, ओबीसी, एससी और एसटी के साथ केन्द्र सरकार भेदभाव कर रही है, न्याय नहीं कर रही है। पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा दिया जाए। जो भी सम्मान जैसे पद्मश्री मिलता है उसमें जो एससी और एसटी वर्ग से हैं उन्हें नकारा जाता है, यह अत्यंत ही दुखद पहलू है। इस पर कई बार सवाल उठे हैं। सरकार द्वारा बड़े पदों पर ओबीसी, एससी और एसटी को मौका नहीं मिलता है। सरकारी उपक्रमों में भी ओबीसी को मौका नहीं दिया जाता है। प्राइवेट और निजी कंपनियों में भी ओबीसी, एससी और एसटी को रिजर्वेशन मिलना चाहिए। यह दर्द सब के लिए है। यह नहीं होना चाहिए कि बड़े बाप के बेटे को, बड़े घर के बेटे को मौका मिले और छोटे लोगों को न मिले। जनगणना की रिपोर्ट भी प्रकाशित नहीं हो रही है, हमें ज्ञान से भी महरूम रखा जा रहा है, हमें सम्मान से भी महरूम किया गया है, अधिकार और हक से भी वंचित रखा गया है। पिछड़ा वर्ग के लिए एक अलग से मंत्रालय बनाना चाहिए।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अक्षय यादव और

श्री शैलेश कुमार को श्री जय प्रकाश नारायण यादव द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।